बि0क0च0आ0–प्र0–03 / परीक्षा–91 / 2023

बिहार कर्मचारी चयन आयोग,

पो0–वेटनरी कॉलेज, पटना–14

आवश्यक सूचना

ज्ञापांक–1794/आ0 पटना, दिनांक–28.5.2024

आयोग के आवश्यक सूचना ज्ञापांक–1549/आ0, दिनांक–10.05.2024 द्वारा वि0सं0–02/23, द्वितीय इंटर स्तरीय संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा से संबंधित सभी अभ्यर्थियों को त्रुटिपूर्ण आवेदनों के संदर्भ में दिनांक–27.05.2024 संध्या 05:00 बजे तक सभी आवश्यक प्रमाण–पत्रों के साथ अंतिम रूप से ऑनलाइन आवेदन समर्पित (Final Submit) करने हेतु समय निर्धारित किया गया। इसी क्रम में आयोग के आवश्यक सूचना ज्ञापांक–1753/आ0, दिनांक–24.05.2024 द्वारा अभ्यर्थियों के व्यापक हित में अंतिम रूप से ऑनलाइन आवेदन समर्पित करने के पश्चात् ऑनलाइन आवेदन की त्रुटियों में सुधार एवं प्रमाण–पत्रों को अपलोड करने हेतु दिनांक–11.06.2024 तक अवधि विस्तारित की गयी है।

वर्तमान में वि0सं0–02/23, द्वितीय इंटर स्तरीय संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा से संबंधित 02 लिंक आयोग के वेबसाइट पर उपलब्ध है।

1. आयोग के आवश्यक सूचना ज्ञापांक–1549/आ0, दिनांक–10.05.2024 द्वारा प्रदर्शित सूची में अंकित ऐसे 27935 अभ्यर्थी, जिनके द्वारा निर्धारित अवधि में परीक्षा शुल्क जमा करने के उपरान्त अंतिम रूप से आवेदन समर्पित (Final Submit) नहीं किया गया है, उन्हें आयोग के लिंक https://www.onlinebssc.com/122023interlevel/ का उपयोग ऑनलाइन आवेदन समर्पित करने एवं प्रमाण–पत्र अपलोड करने हेतु करना है।

2. जिन अभ्यर्थियों द्वारा पूर्व में अंतिम रूप से ऑनलाइन आवेदन समर्पित किया जा चुका है, उन्हें ऑनलाइन आवेदन की त्रुटियों में सुधार एवं सभी प्रकार के प्रमाण–पत्रों को अपलोड करने हेतु आयोग के लिंक https://www.onlinebssc.com/interleveledit24/ का उपयोग करना है।

अभ्यर्थियों को निदेश दिया जाता है कि निर्धारित अवधि (दिनांक–11.06.2024 तक) में उक्त कार्य करना सुनिश्चित करें।

अभ्यर्थी अद्यतन सूचना हेतु आयोग के वेबसाईट https://bssc.bihar.gov.in का सतत् अवलोकन करते रहें।

28/05/2024

सचिव

बिहार कर्मचारी चयन आयोग, पटना।